आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 16.07.2025 समय : 1905

<><><><><><>

- प्रधानमंत्री धन–धान्य कृषि योजना को मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी। 100 जिलों में कृषि के विकास को तेज गति मिलेगी।
- अंडमान पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आटो का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा चेन्नई के इंडिया इंटरनेशनल ट्रेवल मार्ट ।
- शिक्षा विभाग ने श्रवण यंत्र जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।
- मुख्य सचिव जीवन गतिविधियों के प्रति जागरूक करने वाली तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन कल करेंगे।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज छह वर्ष की अवधि के लिए "प्रधानमंत्री धन–धान्य कृषि योजना" को स्वीकृति दे दी। यह योजना 2025–26 से 100 ज़िलों में लागू होगी। नीति आयोग के आकांक्षी ज़िला कार्यक्रम से प्रेरित प्रधानमंत्री धन–धान्य कृषि योजना, कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों पर केंद्रित पहली विशिष्ट योजना है। इस योजना का उद्देश्य कृषि उत्पादकता में बढ़ोत्तरी, फसल विविधीकरण और संधारणीय कृषि पद्धतियों को अपनाना, कटाई के बाद पंचायत और प्रखंड स्तर पर भंडारण क्षमता में वृद्धि, सिंचाई सुविधा में सुधार और दीर्घकालिक एवं अल्पकालिक ऋण उपलब्धता सुगम बनाना है। यह 2025–26 के केंद्रीय बजट में "प्रधानमंत्री धन–धान्य कृषि योजना" के अंतर्गत 100 ज़िले विकसित किये जाने की घोषणा के अनुरूप है। योजना का क्रियान्वयन 11 विभागों की 36 मौजूदा योजनाओं, राज्यों की अन्य योजनाओं और निजी क्षेत्र की स्थानीय भागीदारी में किया जाएगा। मंत्रिमंडल में हुए इस महत्वपूर्ण निर्णय की जानकारी सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी।

<><><><><><>

अंडमान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स अध्यक्ष मोहन विनोद के नेतृत्व में चेन्नई में आज से शुरू हुए इंडिया इंटरनेशनल ट्रेवलमार्ट में भाग ले रहा है। इसमें एसोसिएशन के 15 से ज्यादा सदस्य भाग ले रहे हैं। चेन्नई में होने वाला ये कार्यक्रम आज से 18 जुलाई तक चलेगा। मार्ट में अंडमान स्टॉल में अंडमान द्वीप समूह को एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में प्रदर्शित किया जाएगा। प्रदर्शनी में टूर ऑपरेटरों को पर्यटन उद्योग के राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय हितधारकों से जुड़ने का एक महत्वपूर्ण मंच मिला है। अध्यक्ष मोहन विनोद ने कहा कि पर्यटन की संभावनाओं को बढ़ावा देने और उद्योग सहयोग को मजबूत करने में सहायक होते हैं। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एक मूल्यवान मंच तैयार करने हेतु आईआईटीएम के आयोजकों का भी धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि एएटीओ प्रतिनिधिमंडल का उद्देश्य अंडमान

और निकोबार द्वीप समूह के अनूठे अनुभवों को उजागर करना है, जिसमें इको टूरिज्म, द्वीप भ्रमण, समुद्री रोमांच और क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत शामिल है। चेन्नई से अंडमान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहन विनोद ने आकाशवाणी श्री विजयपुरम् को बताया अंडमान पर्यटन को हम क्षितिज पर ले जाना चाहते हैं।

<><><><><><>

सरकारी माध्यमिक विद्यालय, जंगलीघाट में वर्चुअल इंटरेक्शन और ऑफलाइन मूल्यांकन के संयोजन वाले हाइब्रिड मॉडल के माध्यम से विशेष आवश्यकता वाले बच्चों और उनके माता–पिता के लिए श्रवण यंत्र पर एक विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दक्षिण अंडमान और विम्बरलीगंज क्षेत्र के कुल 18 श्रवण बाधित बच्चों ने भाग लिया। ऑफ़लाइन सत्र के दौरान, प्रत्येक बच्चे की व्यक्तिगत श्रवण यंत्र जाँच और वाणी–भाषा मूल्यांकन किया गया। इस वर्चुअल सत्र में चंडीगढ़ के सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के प्रख्यात ऑडियोलॉजिस्ट और स्पीच–लैंग्वेज पैथोलॉजिस्ट डॉ.रवि कपूर ने भाग लिया। डॉ. कपूर ने श्रवण हानि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। स्पीच थेरेपिस्ट साक्षी बैद्य ने भी एक ऑफ़लाइन स्पीच और हियरिंग स्क्रीनिंग के माध्यम से इस विषय के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। ये कार्यक्रम शिक्षा विभाग की ओर आजोजित किया गया था।

<><><><><><>

भारतीय प्राणी सर्वेक्षण कल से 19 जुलाई तक स्कूल शिक्षकों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन कर रहा है। अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह के स्कूली शिक्षकों के लिए जीवन गतिविधियों के बारे में जागरूक करने एवं संवर्धन पर कार्यक्रम हो रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में दक्षिण अंडमान के विभिन्न स्कूलों के 25 शिक्षक भाग लेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में द्वीप समूह के मुख्य सचिव, डॉ. चंद्र भूषण कुमार इस कार्यशाला का उद्‌घाटन करेंगे।

<><><><><><>

रक्षा मंत्रालय 'माय गव' के सहयोग से इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर माय गव पोर्टल पर विभिन्न ऑनलाइन प्रतियोगिताएं और गतिविधियां आयोजित कर रहा है। इनमें अब 31 जुलाई तक भाग लिया जा सकता है। स्कूली बच्चों, युवाओं और आम जनता में देशभक्ति की भावना जगाने के लिए इन कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जन सामान्य से अनुरोध है कि युवाओं और आम जनता में देशभक्ति की भावना जगाने के लिए जनसंचार के विभिन्न माध्यमों का उपयोग करें।

<><><><><><>

अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में स्वच्छ भारत अभियान के ब्रांड एम्बैसेडर नरेश चंद्र लाल ने एबरडीन बाजार स्थित सरकारी मॉडल स्कूल का दौरा किया और छात्रों

और शिक्षकों के साथ स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरुक किया। पद्‌मश्री से सम्मानित श्री लाल ने कहा कि विद्यार्थियों को बरसात के मौसम में मलेरिया और अंडमान वायरल बुखार जैसी बीमारियों से बचने के लिए स्वयं के प्रति सावधानी के साथ–साथ समाज को इसके प्रति जागरुक करें। उन्होंने खेलकूद में भाग लेने तथा प्रेरक कहानियां पढ़ने की आदत डालने की बात भी कही।

<><><><><><><><>

अटल वयो अभ्युदय योजना के अंतर्गत समाज कल्याण निदेशालय ने ब्रह्माकुमारीज़ के साथ जंगलीघाट स्थित कृष्णा टूरिस्ट कॉर्नर पर वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य और कल्याण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में वृद्धावस्था के दौरान होने वाली परेशानियों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में शारीरिक, मानसिक और तनाव प्रबंधन तकनीकों पर आवश्यक जानकारी दी गई। ब्रह्माकुमारी की बहन शर्मिष्ठा ने मानसिक स्वास्थ्य के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि यह एक सतत् प्रक्रिया है जिसमें व्यक्ति के भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक कल्याण का ध्यान रखना शामिल है। बहन शर्मिष्ठा ने योग और ध्यान पर एक सत्र आयोजित किया। समाज कल्याण के निदेशक रविन्द्र कुमार के मार्गदर्शन में पर्यवेक्षक मोनालिसा बिस्वास ने कार्यक्रम किया।

<><><><><><><><>

पर्यावरण एवं वन विभाग 19 जुलाई को सुबह 9 बजे से श्री विजयपुरम् के अंडमान कॉलेज में वन महोत्सव 2025 का आयोजन कर रहा है। कार्यक्रम में वृक्षारोपण गतिविधियाँ, पर्यावरण संबंधी चर्चाएँ, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ और वनों के महत्व एवं पर्यावरण संरक्षण के बारे में जागरूकता कार्यक्रम होंगे। समारोह में मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार उपस्थित रहेंगे।

<><><><><><><><>

एमवी स्वराजद्वीप कल सुबह दस बजे श्री विजयपुरम से चेन्नई के लिए रवाना होगा। यात्रियों को जहाज पर चढ़ाने का कार्य सुबह 8 बजे से 9 बजे तक होगा। जहाज पर चढ़ना निर्धारित समय से एक घंटा पहले बंद कर दिया जाएगा।

<><><><><><><><>